बांके की बांकी मुरली | by Ritu Panchal

बांका मुकुट है शीश पे जा के, बांके नैन चले मतवारे
बांकी गलिन में खड्यो हैं बांका, बांकी मुरली अधरं पर धारे

बांके की बांकी मुरली और बांकी नगरिया है
प्यारे जाके देख ले वृन्दावन मेरा बांके सांवरिया है
मेरा बांके सांवरिया है
याकि बांकी नगरिया है

बांके की बांकी गलियां हैं बांके सभी पुजारी
लकुटिया बांकी लेकर खड़े हैं बांके बिहारी
बांके जा के ग्वाल बाल और बांकी गुजरिया है
प्यारे जाके देख ले वृन्दावन मेरा बांके सांवरिया है

बांके की बांकी झांकी है शोभा बड़ी निराली
बांके की बांकी लट है देखो काली घुंघराली
बांका मुकुट है शीश पे इनके बांकी नजरिया है
प्यारे जाके देख ले वृन्दावन मेरा बांके सांवरिया है

बांके का बांका पटका बांकी कट काछी पहने
कानो में कुण्डल बांके गले में बांके गहने
छवि देख इनके चरणों में कटे उमरिया है
प्यारे जाके देख ले वृन्दावन मेरा बांके सांवरिया है

रविंदर इसके दर का तू बन जा आज भिखारी
जपे जा राधे राधे जपे जा कुञ्ज बिहारी
इसी नाम से भर ले प्यारे अपनी गगरिया है
प्यारे जाके देख ले वृन्दावन मेरा बांके सांवरिया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-ritu-pancha/